(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालय: 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195 दूरभाषः (0755) 2761225, फैक्स-(0755) 2760491, ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com, svp_vb@yahoo.co.in, www.vidyabhartimp.org, www.ekalvidyalyamp.org*

पत्र क्रमांक : 10/2018 **(संशोधित पत्र)** दिनांक-12/04/2018

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,
समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, मध्यभारत प्रान्त

विषयः- प्रान्तीय शिशुवाटिका आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग मई 2018।

बन्धुवर,

सादर नमस्कार। विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त की योजना से प्रान्तीय शिशुवाटिका आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग **सरस्वती शिशु मंदिर गोविन्दनगर जिला होशंगाबाद (म.प्र.) में दिनांक 01 मई से 22 मई 2018 तक** आयोजित हो रहा है। आपके विद्यालय से शिशुवाटिका के अप्रशिक्षित आचार्य दीदियाँ जिनका 20 दिवसीय शिशुवाटिका वर्ग नहीं हुआ हैं, उन्हें यह प्रशिक्षण करना है। नवचयनित आचार्य भी इस प्रशिक्षण में अपेक्षित हैं। सेवा अवधि की बाध्यता नहीं है।

कृपया अपने विद्यालय से शिशुवाटिका के अप्रशिक्षित आचार्य/आचार्या की सहभागिता सुनिश्चित करें। प्रशिक्षित आचार्यों की कार्यपद्धति एवं योजना के अनुरूप कार्य करने का अपने प्रान्त में शिशुवाटिका के लिए सकारात्मक परिणाम आया है। इस प्रशिक्षण वर्ग में केन्द्रीय, क्षेत्रीय, प्रान्तीय अधिकारियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

वर्ग संबंधी सूचनाएँः-

1. **उपस्थितिः**- शिक्षार्थियों को **01 मई सायं 7 बजे तक वर्ग स्थल पर पहुँचना है। दि. 22 मई 2018** को प्रातः **9 बजे वापस जा सकेंगे**। प्रशिक्षार्थी अपने व्यवस्थापक द्वारा हस्ताक्षरित कार्य मुक्ति पत्र लेकर आवें। वापसी का आरक्षण अपने स्थान से ही करावें।
2. **शुल्कः**- प्रशिक्षण वर्ग शुल्क 3000/-रूपये (तीन हजार रू. मात्र) प्रति शिक्षार्थी है जो **NEFT / RTGS सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश खाता क्रं 20601832777, इलाहाबाद बैक शाखा माता मंदिर,भोपाल, IFS code ALLA 0211539 पूर्व** में जमा कराना है। साहित्य एवं साधन सामग्री हेतु रूपये 150/- रू. प्रति विद्यालय साथ लावें।
3. **गणवेशः**- शिक्षार्थी पूर्ण आचार्य वेश (पुरूष आचार्य सफेद धोती-कुर्ता) शारीरिक हेतु नीली लोवर, सफेद टी शर्ट, सफेद जूते (स्पोर्टस शूज) सफेद मोजे। दीदियाँ-आचार्या वेश, सफेद सलवार कुर्ता, भगवा दुपट्टा, सफेद स्पोर्टस शूज सफेद मोजे साथ लावें।
4. **अवकाशः**- प्रशिक्षण अवधि में किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं होगा। प्रशिक्षार्थी पूर्णतः स्वस्थ तन-मन से प्रशिक्षण में उपस्थित हो। किसी आयु वर्ग के बच्चों को साथ लाने की अनुमति नहीं है।
5. **साहित्यः**- शिशुवाटिका तत्व एवं व्यवहार, घर ही विद्यालय, लालयेत पंचवर्षाणी, दैनिक उपासना, शिशुवाटिका पाठ्यक्रम क्रियाकलाप, शिशुगीत कहानी पुस्तक, शिशु शिक्षा वर्तमान संदर्भ भारतीय सोच, शिशुवाटिका एक दृष्टि में चार्ट, अष्टादश श्लोकी गीता, उपलब्धतानुसार साथ लावें।
6. **सामग्रीः**- ऋतु अनुसार ओढ़ने-बिछाने का सामान, नित्योपयोगी सामान साथ लावें। कीमती सामान साथ न लावें।
7. **शिक्षण सामग्रीः**- 2 पेन्सिल, 2 शार्पनर, 1 रबर, 1 बड़ी ड्राइंग बुक, 2 दस्ते वाले 2 रजिस्टर, विभिन्न रंगों के 15 गुटमा पेपर, 2 फाइलें फ्रेविक एवं वाटर कलर सेट, ब्रश, 100 गाम फ्रेविकोल, 100 ग्राम गोंद शीशी, रंगीन सेलो टेप-4 रंगों का आधा एवं एक इंच चौड़ाई वाली, कैंची 1 छोटी व 1 बड़ी, पुराना टूथ-ब्रश, 50 रंगीन आकर्षक पोस्ट कार्ड साईज के विभिन्न चित्र, सुई धागा, अंग्रेजी लेखन अभ्यास हेतु 4 लाईन वाली 3 कापियाँ, शिशुगीत 20 तथा 15 कहानियाँ जो अपने क्षेत्र में प्रचलित हो लिखकर, स्केच पेन सेट, मोम कलर पेन्सिल पैकेट, विभिन्न प्रकार के बीज, सीप एवं स्पंज का टुकड़ा, 3 चित्र पोथी तैयार कर साथ लावें।

<u>सम्पर्क सूत्र व वर्ग स्थल का पता</u> :-

श्री पवन शर्मा (प्रबंधक),
भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास,
गोविन्दनगर जिला होशंगाबाद मो. नं.-9340093614

श्री भवानी पाराशर (प्राचार्य)
मो.नं. 9575136279

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपि :-

1. मार्गदर्शक/अध्यक्ष/संगठन मंत्री, विद्याभारती मध्यक्षेत्र को सूचनार्थ।
2. श्रीमान संगठन मंत्री एवं सदस्यगण प्रबंध कार्यकारिणी समिति सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान को सूचनार्थ।
3. प्रान्त प्रमुख, नगरीय/ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्यभारत प्रान्त को सूचनार्थ।
4. समस्त विभाग समन्वयक एवं विभाग प्रमुख विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त को सूचनार्थ ।

E:\P-July 17-18\Sisuvatika